# जन्माष्टमी पर श्रीकृष्णमय होगा पूरा प्रदेश

## कल हलधर महोत्सव और 16 को श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन करेगी सरकार



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 12 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित स्थल एवं प्रदेश के प्रमुख मंदिरों और स्थानों के ऐतिहासिक-सांस्?कृतिक महत्व को उजागर करते हुए राज्य सरकार 14 अगस्त को बलराम जयंती और हलधर महोत्सव एवं 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण पर्व एवं लीला पुरुषोत्तम का प्राकट्योत्सव का आयोजन करने जा रही है.**

इन आयोजनों के साथ सम्पूर्ण प्रदेश श्रीकृष्णमय हो जायेगा और सांस्कृतिक रंगों में रंगा नजर आयेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन अवसरों पर होने वाले कार्यक्रमों में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है. संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बलराम एवं श्रीकृष्ण प्रसंगों, उनके अवदान एवं लोक-कल्याणकारी जीवन गाथा से संबंधित साहित्यिक परिचर्चाओं, संवाद, मंदिरों में भजन, कीर्तन सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं. साथ ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिला स्तर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है.

राज्य मंत्री ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण को उज्जैन में ज्ञान की प्राप्ति हुई, वहां स्थित सांदीपनी आश्रम में 16 से 18 अगस्त तक श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन किया जा रहा है. इसमें पहले दिन विशाला सांस्कृतिक संस्थान, उज्जैन के कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण लीला, अनुपम वानखेड़े, इंदौर द्वारा बांसुरी वादन और सुश्री स्वाति उखले, उज्जैन द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जायेगी.

कार्यक्रम के दूसरे दिन 17 अगस्त को अक्षय खरे, पन्ना द्वारा बरेदी लोकनृत्य, सुश्री कृष्णा वर्मा, उज्जैन द्वारा भक्ति गायन एवं विशाला सांस्कृतिक संस्थान उज्जैन द्वारा श्रीकृष्ण लीला की प्रस्तुति दी जायेगी. अंतिम दिन 18 अगस्त को अविनाश धुर्वे, बैतूल द्वारा ठाठ्या लोकनृत्य, रामचन्द्र गांगोलिया, उज्जैन द्वारा भक्ति गायन एवं विशाला सांस्कृतिक संस्थान, उज्जैन द्वारा श्रीकृष्ण लीला की प्रस्तुति दी जायेगी. उन्होंने बताया कि इसी तरह प्रदेश के अलग-अलग शहरों में कार्यक्रम आयोजित होंगे. इस संबंध में मंगलवार को ही मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी और संचालक संस्कृति एनपी नामदेव ने पत्रकार वार्ता कर जानकारी भी दी.




# ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में मानव श्रृंखला

## आयोजकों ने लोगों से की हर घर तिरंगा लहराने की अपील

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 12 अगस्त. गुरुनानक मंडल के पदाधिकारियों ने ईदगाह स्थित कैंब्रिज स्कूल में एक मानव श्रृंखला कार्यक्रम आयोजित किया. जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में सेना को सलाम किया गया.**

इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश कुकरेजा और विद्यालय समिति अध्यक्ष सत्यार्थ प्रकाश अग्रवाल सहित शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान, छात्र छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर हर घर तिरंगा लहराने का आह्वान किया. आयोजन ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के समर्थन करने और देश की एकता और अखंडता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया.

मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया कि हम आज यहां ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का समर्थन करने और देश की एकता और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए एकत्रित हुए है. विद्यालय समिति अध्यक्ष सत्यार्थ प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि हमारी सेना के शौर्य को सलाम करना और हमारी आन बान शान तिरंगे को लगाना हमारा फर्ज है. सेना के प्रति सम्मान हमारे नौनीहालों में भी जगे, इसलिए इस प्रकार के प्रेरणापूर्ण आयोजन किए जाते हैं. आयोजन में बड़ी संख्या में विद्यालय के विद्यार्थी, टीचिंग व अन्य स्टाफ के अलावा समाजसेवी और क्षेत्रीय लोग मौजूद थे.

# मैनिट परिसर में मनाया रैगिंग विरोधी दिवस




**भोपाल, 12 अगस्त. राजधानी में 12 से 18 अगस्त तक चलने वाले रैगिंग विरोधी सप्ताह के तहत पहले दिन 12 अगस्त को शाम 4 बजे से 6.30 बजे तक मैनिट परिसर में रैगिंग विरोधी दिवस मनाया गया. इस बैठक में संकाय सदस्यों और 250 से अधिक छात्रों ने भाग लिया. मैनिट भोपाल के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों ने मैनिट से रैगिंग को समाप्त करने और मैनिट में अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाने की शपथ ली.**

अध्यक्ष (एआरसी), प्रो. सी.एम. कृष्णा ने छात्रों से रैगिंग का विरोध करने और एक ऐसा परिसर विकसित करने की अपील की जहाँ सभी छात्रों के साथ सम्मान, सुरक्षा और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाए. डीन (स्वच्छ भारत), प्रो. शैलेंद्र जैन ने शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर बल दिया और छात्रों को रैगिंग जैसी गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी. संस्थान के निदेशक प्रो. केके शुक्ला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि मैनिट रैगिंग के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है और कहा कि संस्थान रैगिंग संबंधी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखता है. उन्होंने यह भी बताया कि मैनिट ने परिसर में कई प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि लगाकर रैगिंग के खिलाफ एक सशक्त जागरूकता अभियान शुरू किया है.

# प्रदेश में धूमधाम से मनेगी बलराम जयंती और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**भोपाल. प्रदेश में 14 से 18 अगस्त तक भव्य रूप से बलराम जयंती और कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी. जिसकी संस्कृति विभाग द्वारा जोरों से की जा रही है. संस्कृति संचनालय के अधिकारी एनपी नामदेव ने बताया कि श्रीकृष्ण पर्व पर प्रदेश के 3000 से अधिक श्रीकृष्ण मंदिरों में विविध धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे.**

कलाकारों द्वारा विभिन्न मंदिरों में भजन कीर्तन, नृत्य और नाटकों की प्रस्तुति दी जाएगी. यह पर्व न केवल भक्ति और आध्यात्मिकता का उत्सव होगा, बल्कि मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को भी प्रदर्शित करेगा. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मुख्य कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास पर दोपहर 2 बजे से आयोजित होगा. जिसमें 1000 से अधिक बाल गोपाल श्रीकृष्ण की वेशभूषा में अपने परिजनों के साथ शामिल होंगे. इस अवसर पर इस्कॉन मंदिर के माध्यम से गोपाल कृष्ण का अभिषेक होगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अतिथिगणों तथा उनके साथ बाल गोपालों को माखन मिश्री, लड्डू गोपाल का विग्रह एवं हर घर गोकुल, घर घर गोपाल प्लेकार्डस तथा मोरपंख भेंट किये जायेंगे.



**एसीएस कंसोटिया को कृष्णावनी ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं**

**भोपाल, 13 अगस्त.** गृह विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अतिरिक्त मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर गृह विभाग की सचिव कृष्णावनी देशावंतु ने पुष्पगुच्छ भेंट किया. अतिरिक्त सचिव आशीष भार्गव भी उपस्थित थे.

## एक नजर में



### विधायक सबनानी को बहनों ने बांधी राखी

**भोपाल.** राजधानी की दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की बहनों ने विधायक भगवानदास सबनानी को मानस भवन में रक्षाबंधन महोत्सव में रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु एवं सुख समृद्धि की कामना की. विधायक सबनानी ने कहा कि आप बहनों के भाग्य से मुझे क्षेत्र की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हैं. इस अवसर पर कामाक्षी विश्वकर्मा, पार्षद ब्रजुला सचान, पार्षद आरती राजू अनेजा, पार्षद गिरिजा राजेश खटीक, पार्षद राजमणि उइके, कविता अनुरागी, सुधा सिंह, नीतू सिंह राजपूत, लक्ष्मी गौरेवर, गुंजन मिश्रा, प्रतीक्षा ब्राह्मभट्ट समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं.



### 'वंदे मातरम' के उद्घोष से निकली तिरंगा यात्रा

**भोपाल.** नरेला विधानसभा क्षेत्र में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया. इस यात्रा का नेतृत्व सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया. तिरंगा यात्रा का शुभारंभ अशोका गार्डन स्थित नर्मदा परिक्रमा पार्क से हुआ. यात्रा वार्ड क्रमांक 69 के विभिन्न मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी. रक्षाबंधन महोत्सव से पूर्व कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ निकली इस यात्रा में देशभक्ति का अद्भुत उत्साह देखने को मिला.



### विधायक ने किया हेक्स स्टोर का शुभारंभ

**भोपाल.** जर्मन फर्नीचर फिटिंग्स और इंटीरियर हार्डवेयर कंपनी हेटिक ने भोपाल के एमपी नगर स्थित ज़ोन-2 में अपना हेटिक एक्सक्लूसिव स्टोर लॉन्च किया. इस अवसर पर फेंचाइजी ऑनर आनंद चावलानी, लक्ष चावलानी, रितु चावलानी, मनोज राजानी, विधायक योगेन्द्र सिंह और सीएमओ जितीन अग्रवाल मौजूद रहे. आयोजकों के अनुसार इस वर्ष भारत के विभिन्न टियर-2 शहरों में 25 हेक्स स्टोर्स खोले जाएंगे. हेक्स स्टोर का उद्देश्य उभरते शहरी बाजारों को जर्मन इंजीनियरिंग पर आधारित प्रीमियम इंटीरियर सॉल्यूशंस और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से जोड़ना है. भोपाल जैसे शहर में रियल एस्टेट और व्यक्तिगत इंटीरियर डिज़ाइन की मांग लगातार बढ़ रही है. सेल्स डायरेक्टर राहुल ठक्कर ने कहा कि यहां होम इम्प्रूवमेंट और मॉड्यूलर इंटीरियर सॉल्यूशंस की मांग तेजी से बढ़ रही है. नए रिहायशी इलाकों और उभरते कमर्शियल प्रोजेक्ट्स में ग्राहक ऐसे उत्पाद चाहते हैं, जो स्टाइल और परफॉर्मेंस दोनों में उत्कृष्ट हों.

# पुलिस ने निकाली वाहन तिरंगा रैली

▶ **आमजन को तिरंगा लहराने के लिए किया प्रेरित**



**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 12 अगस्त. नगरीय पुलिस के जोन -1 में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा वाहन रैली का आयोजन मंगलवार को किया गया. डीसीपी जोन-1 शशांक के नेतृत्व में वाहन तिरंगा रैली निकाली गयी.**

पुलिस जवानों ने भारत माता की जय नारे लगाए और देश भक्ति के गाने बजाए और हर घर तिरंगा अभियान के तहत आमजन को तिरंगा लहराने के लिए प्रेरित किया. रैली के दौरान राहगीरो द्वारा तालियां बजा कर पुलिस जवानों का उत्साहवर्धन किया. तिरंगा रैली एमवीएम ग्राउंड से प्रारंभ होकर रोशनपुरा चौराहा, नानके पेट्रोल पंप, व्यापम चौराहा, सरोजनी नायडु कॉलेज, लिंक रोड-2, माता मदिर चौराहा, भदभदा चौराहा, सूरज नगर होते हुए साक्षी तिराहा पर रैली का समापन हुआ. रैली में अति. पुलिस उपायुक्त जोन-1 रश्मि अग्रवाल दुबे, सहा. पुलिस आयुक्त टीटी नगर अंकिता खातरकर, सहा. पुलिस आयुक्त उमेश तिवारी सहित जोन के सभी थाना प्रभारी का पुलिस बल एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों ने रैली में भारी उत्साह दिखाया. आमजन को प्रेरित भी किया.

# एमएलबी में आजादी का पर्व महोत्सव आज

**भोपाल.** भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय राजधानी में आजादी का पर्व 13 और 14 अगस्त को मनाएगा. इस दौरान विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आधारित चित्र प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एमएलबी कॉलेज में किया जाएगा. महापौर मालती राय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगी. कार्यक्रम का शुभारंभ 13 अगस्त को सुबह 11 बजे होगा. कार्यक्रम के दौरान तिरंगा रैली भी निकाली जाएगी. इस आयोजन में मुख्य रूप से कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय अग्रवाल, अजय नारंग, डॉ. अजय अग्रवाल उद्बोधन देंगे.




# हिंदी लेखिका संघ की ऑनलाइन गोष्ठी

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 12 अगस्त. हिंदी लेखिका संघ द्वारा देश भक्ति राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत काव्य रचनाओं की गोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन किया गया. इसमें लेखिका संघ की भोपाल से बाहर जिलों की आठ इकाइयों की साहित्यकार बहनों ने काव्य पाठ किया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता लेखिका संघ की पूर्व अध्यक्ष आशा शर्मा ने की. अध्यक्ष आशा ने उद्बोधन में कहा संगठन ऐसा हो जिसमें राष्ट्र प्रेम की भावना हो. मुख्य अतिथि दमोह इकाई की अध्यक्ष पुष्पा चिले ने 'हर घर तिरंगे का हो रहा सम्मान गर्व से ये कहता है भारत महान' जैसी पंक्तियों से देश प्रेम और सद्भावना को बढ़ावा दिया.

# बोट क्लब पर संगीत संध्या में गूंजे देशभक्ति के तराने

▶ **तिरंगा अभियान : कार्यक्रम में अधिकारी शामिल**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 12 अगस्त. राजधानी के बोट क्लब पर स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान अंतर्गत मंगलवार की शाम भव्य म्यूजिक कंसर्ट का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा ने किया. मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद भोपाल की ओर से आयोजित इस संगीतमय संध्या में सॉन्स ऑफ इंडिया के कलाकार मुकेश येसुदास तिवारी, नीलम कुमारी, विपिन शर्मा, आशु, सुनील सोन्हिया, जयदीप सरकार और शुभांगी गौर ने नए और पुराने देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी. मंच संचालन सुप्रसिद्ध एंकर पुरवा राय ने किया. समापन पर संयुक्त सचिव, डीएटीसीसी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया.

# विश्वकर्मा जयंती को लेकर बैठक

**भोपाल.** श्री विश्वकर्मा मंदिर जागरूकता कल्याण परिषद द्वारा आगामी 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में प्रथम बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में पूजन से संबंधित सभी आवश्यक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा कार्यक्रम को सफल एवं भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया. जिसमें श्री विश्वकर्मा भगवान की पूजा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विशाल भंडारा तथा अतितियों का सम्मान किया जाएगा. बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष कमलेश पंडित ने की.

# करोंद चौराहे पर होगी मटकी फोड़ प्रतियोगिता

▶ **अभिनेता सुनील शेट्टी, गायक सवाई भट्ट होंगे शामिल**




भोपाल, 12 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी भोपाल के पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी के नेतृत्व में मंगलवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई. पचौरी ने बताया कि 23 अगस्त को करोंद चौराहा पर प्रदेश की सबसे बड़ी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा. पचौरी 19 वर्षों से लगातार मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं. प्रतियोगिता में कई फिल्मी कलाकार एवं लाखों दर्शक इस मटकी फोड़ प्रतियोगिता को देखने पहुंचते है. श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति बाल विवाह एवं बेटी बचाओ-बेटी पढाओ सहित अन्य विषयों के साथ समाज के बीच नई पीढ़ी को सकारात्मक संदेश भी देने का कार्य करती है. प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विभिन्न जिलों की टीमें शामिल होने आती है साथ ही रहवासी भी प्रतियोगिता देखने आते है.

**समागम** ▶ **गौहर महल में अहिल्याबाई तिरंगा मेला शुरू, 20 अगस्त तक चलेगा**

# महेश्वरी साड़ी बनी आकर्षण का केंद्र

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 12 अगस्त. शहर के ऐतिहासिक गौहर महल में मंगलवार से लोकमाता देवी अहिल्याबाई तिरंगा मेला की शुरुआत हुई. मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित यह मेला 20 अगस्त तक चलेगा.**

मेले के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि इसका उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराना और लोगों को परंपरागत कला व शिल्प से परिचित कराना है. महेश्वरी



साड़ी की चमक मेले में सबसे ज्यादा ध्यान खींच रही है. महेश्वरी साड़ी, जिसकी शुरुआत लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर ने करीब 250 साल पहले महेश्वर में की थी. कई महिला खरीदारों ने बताया कि वे इसे खास अवसरों के लिए खरीद रही हैं.

हस्तशिल्प का रंगारंग संगम मेले में महेश्वरी साड़ियों के अलावा चंदेरी वस्त्र, बाघ प्रिंट, डोकरा कला, पीतल और लकड़ी की नक्काशी, टेराकोटा, बेल मेटल, मिट्टी के बर्तन और हस्तनिर्मित आभूषण जैसे कई उत्पाद मिल रहे हैं. तिरंगे के रंग में सजा मेला स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेला तिरंगा थीम में सजाया गया है.

# चतुर्थश्रेणी का हो नियमितीकरण

## कर्मचारी संघ ने डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल, 12 अगस्त. शासकीय विभागों में विगत 30 सालों से कार्यरत संविदा कर्मचारी सेवानिवृत्ति के कगार पर पहुंच गए हैं. कर्मचारियों का कहना है कि उनकी सेवानिवृत्ति आयु मात्र दो-तीन साल बची है. जिनको मासिक वेतन इस पद पर नियुक्त नियमित कर्मचारियों के वेतन के एक तिहाई से भी कम मिलता है**

. संविदा कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साकल्ले के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से भेंट कर अपनी समस्याएं रखीं और ज्ञापन भी सौंपा. पूर्व में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सभी संविदा कर्मचारियों को नवीन नौकरियों में 50 प्रतिशत के आरक्षण में नियमित किए जाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ था.

> शासकीय सेवा से चतुर्थ श्रेणी के पद समाप्त किए जाने से प्रदेश भर में कर्मचारियों में असंतोष है. स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत 360 संविदा कर्मचारी हैं. वरिष्ठता को देखते हुए शिक्षा विभाग में शामिल किया जाए. उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सभी मांगों का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया है. इस मौके पर लखन वानखेडे, संतोष नागरे, नरेश, शकील, मतीन, जगदीश, किरण समेत अन्य कर्मचारी मौजूद थे.